तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
06/08/24	अभिभाषक उभयपक्ष उपस्थित। अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है तथा अपीलाधीन आदेश नामान्तरणकरण संख्या 154 दिनांक 14.10.1971 ग्राम पंचायत कालासर निरस्त किया जाता है तथा तहसीलदार (राजस्व), बीकानेर का आदेश दिया जाता है कि श्रीमान उपखण्ड अधिकारी एवं आवंटन अधिकारी बीकानेर द्वारा आवंटन आदेश 29.01.1971 की पालना में ग्राम लाखूसर खाता संख्या 265 खसरा नंबर 473 तादादी 17.9700 एवं 474 तादादी 1.000 कुल तादादी 18.9700 में अपीलांट रहमत पत्नी गुलाम कादर साकिन रिडमलसर का नामान्तरकरण दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। निर्णय की प्रति पालनार्थ तहसीलदार (राजस्व), बीकानेर को प्रेषित की जावे। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। निर्णय आज दिनांक 06/08/24 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तरतीब तक्मील दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर)	